बम बम महाकाल बम भोला

महाकाल की किरपा से तेरा जीवन है अनमोला,
बम बम महाकाल बम भोला,

महाकाल का जाप जो करता है फिर काल भी उस से डरता है,
महाकाल का मच गया देखो सारे जग में रोला,
बम बम महाकाल बम भोला,

शिव प्रण लगी जन पावन में उज्जैन नगर मन भावन में,
कावड़ियों ने रंगा लिया है भोले नाम का चोला,
बम बम महाकाल बम भोला,

ये महिमा शिव के नाम की है ये सीडी स्वर्ग के धाम की है,
भोले के भगतो की देखो नाव न खाये हिचकोले,
बम बम महाकाल बम भोला,

क्यों कमल सिंह वर माया है सब महाकाल की माया है,
शिव के चरण पकड़ ले शर्मा अगर तेरा मन डोला,
बम बम महाकाल बम भोला,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11346/title/bm-bm-mahakaal-bm-bhola

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |